**Series Z1YXW/4**

**SET ~ 1**

*रोल नं.*

**प्रश्न-पत्र कोड 4/4/1**

*परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।* #

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

| **नोट :** |
|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं। |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं। |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूर्ण रूप से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – खण्ड **'अ'** और **'ब'**।*

*(iii)* *खण्ड **'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(iv)* *खण्ड **'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

*(vi)* *यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खण्ड 'अ'

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

कृषि में हरी खाद उस सहायक फसल को कहते हैं जिसकी खेती मुख्यतः भूमि में पोषक तत्त्वों को बढ़ाने तथा उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के उद्देश्य से की जाती है। प्रायः इस तरह की फसल को हरित स्थिति में हल चलाकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। हरी खाद से भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है और भूमि की रक्षा होती है। मृदा के लगातार उपयोग से उसमें उपस्थित पौधे की बढ़वार के लिए आवश्यक तत्त्व नष्ट होते जाते हैं। इनकी क्षतिपूर्ति के लिए और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए हरी खाद एक उत्तम विकल्प है। बिना गले-सड़े हरे पौधे (फसलों अथवा उनके भाग) को जब मिट्टी की नत्रजन या जीवांश की मात्रा बढ़ाने के लिए खेत में दबाया जाता है तो इस क्रिया को हरी खाद देना कहते हैं।

हरी खाद के उपयोग से न सिर्फ जीवांश भूमि में उपलब्ध होता है बल्कि मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा में भी सुधार होता है। वातावरण तथा भूमि प्रदूषण की समस्या को समाप्त किया जा सकता है। लागत घटने से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है, भूमि में सूक्ष्म तत्त्वों की आपूर्ति होती है साथ ही साथ मृदा की उर्वरा शक्ति भी बेहतर हो जाती है।

**(i)** हरी खाद का उपयोग खेतों में क्यों किया जाना चाहिए ? **1**

(a) रासायनिक खाद की महँगी लागत से बचने के लिए।

(b) रासायनिक खाद के ज़हर से बचने के लिए।

(c) खेती के पारंपरिक तरीकों को बढ़ावा देने के लिए।

(d) मिट्टी की उर्वरता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए।

**(ii)** मिट्टी का उपजाऊपन कैसे कम हो जाता है ? **1**

(a) रासायनिक खाद के उपयोग से।

(b) समय पर वर्षा न होने से।

(c) मिट्टी के निरंतर उपयोग से।

(d) तेज आँधी-तूफ़ान के आने से।

**(iii)** 'हरी खाद देना' क्रिया कहा जाता है : **1**

(a) खेतों में हरे रंग की खाद का प्रयोग करने को।

(b) खेतों में ताज़ी खाद का प्रयोग करने को।

(c) गलने-सड़ने से पूर्व सहायक फसल को खेतों में दबाने को।

(d) गलने-सड़ने के बाद सहायक फसल को खेतों में दबाने को।

**(iv)** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **1**

(I) हरी खाद के उपयोग से भूमि में नमी बढ़ती है।

(II) हरी खाद के उपयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ती है।

(III) हरी खाद के उपयोग से वातावरण शुद्ध होता है।

(IV) हरी खाद के उपयोग से मिट्टी में जीवांश बढ़ते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/कौनसे कथन सही है/हैं ?

(a) केवल (II)

(b) केवल (I)

(c) (I), (II) और (IV)

(d) (II), (III) और (IV)

**(v)** निम्नलिखित **कथन (A)** तथा **कारण (R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। **1**

**कथन (A)** : मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए हरी खाद एक उत्तम विकल्प है।

**कारण (R)** : हरी खाद से मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा में सुधार होता है और लागत घटती है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

(c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

अनुभवी व्यक्तियों का कहना है, लक्ष्य चुनना ही काफी नहीं होता, बल्कि उसे जितनी जल्दी चुना जाए, उतना ही बेहतर है। कई बड़े काबिल लोग लक्ष्य चुनने में इतनी देर कर देते हैं कि उसे हासिल करने के लिए जीवन में समय ही नहीं बचता। इसीलिए स्कूली स्तर पर ही भाषा, गणित, विज्ञान समेत सभी विषयों के साथ-साथ खेल-कूद, नृत्य-संगीत जैसी विधाओं को भी पाठ्यक्रमों से जोड़ा जाता है, ताकि कच्ची उम्र से ही बच्चे अपनी रुचि के अनुरूप जीवन का लक्ष्य तय कर उस दिशा में आगे बढ़ सकें। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि अपने शौक को लक्ष्य और फिर पेशे के रूप में चुनने से सफलता सुनिश्चित हो जाती है, क्योंकि इन्हें हासिल करने में इंसान अपना दिल, दिमाग और ताकत लगा देता है। लक्ष्य-निर्धारण में देरी का अर्थ ही दूसरों से पिछड़ना है। आमतौर पर बच्चे कहते हैं कि मैं बड़ा

होकर डॉक्टर, इंजीनियर या आई.ए.एस. बनूँगा, लेकिन इससे आगे बढ़ने का प्रयास नहीं करते। स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने तो किशोरावस्था में ही गायिका बनने का प्रयास शुरू कर दिया था और इतिहास रच दिया। तय है, लक्ष्य के साथ जीना सीखने वाले मुड़कर नहीं देखते। कई सारे उदाहरण हैं, जो बताते हैं कि सफलता का बड़ा हिस्सा लक्ष्य-निर्धारण में जल्दी या देरी पर टिका है। महज आठ वर्ष की आयु में अमेरिकी तैराक माइकल फेलप्स ने तैराकी में ओलिम्पिक पदक जीतने का लक्ष्य साधा और आगे चलकर तेईस स्वर्ण समेत कुल अट्ठाईस पदक जीतकर ओलिम्पिक रिकॉर्ड कायम कर दिया। शिवाजी महाराज ने कहा था 'एक छोटा कदम लक्ष्य-निर्धारण की ओर बाद में सम्पूर्ण लक्ष्य हासिल करा देता है।' इसलिए सोच-विचार में समय गँवाने के बजाय लक्ष्य चुनिए और उड़ान भरना शुरू कीजिए।

**(i)** अनुभवी व्यक्तियों का लक्ष्य-चयन के विषय में क्या मत है ? **1**

(a) लक्ष्य सोच-विचार कर शीघ्र निर्धारित करना चाहिए।

(b) लक्ष्य-निर्धारण करने में बड़ों की सलाह लेनी चाहिए।

(c) लक्ष्य-निर्धारण करने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए।

(d) लक्ष्य-निर्धारण आर्थिक लाभ को देखकर किया जाना चाहिए।

**(ii)** स्कूली स्तर पर विभिन्न विषयों के साथ अन्य विधाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा क्यों बनाया जाता है? **1**

(a) बच्चों के दिमाग को कुछ समय आराम मिल सके।

(b) बच्चे रुचि के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ सकें।

(c) बच्चों को अन्य विधाओं की जानकारी मिल सके।

(d) बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन भी हो सके।

**(iii)** गद्यांश में लेखक ने प्रसिद्ध व्यक्तियों के उदाहरण क्यों दिए हैं ? **1**

(a) उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने के लिए।

(b) सही उम्र में लक्ष्य-निर्धारण की महत्ता समझाने के लिए।

(c) उनकी तरह परिश्रम कर महान बनने के लिए।

(d) उनके जीवन के इतिहास से परिचित कराने के लिए।

**(iv)** गद्यांश में प्रयुक्त 'उड़ान भरना' का अर्थ है : **1**

(a) सपने देखना

(b) कल्पना करना

(c) हवाई यात्रा करना

(d) कोशिश करना

**(v)** निम्नलिखित **कथन (A)** तथा **कारण (R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। **1**

**कथन (A) :** अपने शौक को लक्ष्य और पेशा बनाने से सफलता सुनिश्चित हो जाती है।

**कारण (R) :** एक छोटा कदम लक्ष्य-निर्धारण की ओर बाद में सम्पूर्ण लक्ष्य हासिल करा देता है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

**3.** 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

**(i)** ''मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया।'' - वाक्य में रेखांकित पदबंध है : **1**

(a) संज्ञा पदबंध

(b) क्रिया पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया विशेषण पदबंध

**(ii)** ''बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता।'' - इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है : **1**

(a) तताँरा का याचना भरा

(b) याचना भरा चेहरा

(c) बार-बार तताँरा का

(d) आँखों में तैर जाता

**(iii)** ''उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था।'' - वाक्य में रेखांकित पदबंध का प्रकार है : **1**

(a) संज्ञा पदबंध

(b) क्रिया पदबंध

(c) सर्वनाम पदबंध

(d) क्रिया विशेषण पदबंध

**(iv)** ''लकड़ी की बड़ी अलमारी से पुस्तक ले आओ।'' – इस वाक्य में विशेषण पदबंध कौन-सा है ? **1**

(a) लकड़ी की बड़ी

(b) बड़ी अलमारी से पुस्तक

(c) अलमारी से पुस्तक ले आओ

(d) बड़ी अलमारी से पुस्तक ले आओ

**(v)** ''<u>सबकी सहायता करने वाले आप</u> आज उदास क्यों हैं ? '' – वाक्य में रेखांकित पदबंध है : **1**

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया पदबंध

**4.** ''रचना के आधार पर वाक्य भेद'' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। **4×1=4**

**(i)** ''पढ़ाई और खेलकूद साथ-साथ चल सकते हैं।'' – वाक्य रचना की दृष्टि से है : **1**

(a) मिश्र वाक्य

(b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य

(d) सामान्य वाक्य

**(ii)** ''उनकी नज़र मेरी ओर उठते ही मेरे प्राण निकले।'' – इसका संयुक्त वाक्य बनेगा : **1**

(a) उनकी नज़र मेरी ओर उठी नहीं कि मेरे प्राण निकले।

(b) उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले।

(c) जैसे ही उनकी नज़र मेरी ओर उठी वैसे ही मेरे प्राण निकले।

(d) जब उनकी नज़र मेरी ओर उठी तब मेरे प्राण निकले।

**(iii)** निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है : **1**

(a) सफल खिलाड़ी होने के कारण उसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।

(b) वह सफल खिलाड़ी है इसलिए उसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।

(c) सफल खिलाड़ी वह है जिसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।

(d) वह खिलाड़ी सफल है और उसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।

**(iv)** ''ततााँरा वामीरो की जो त्यागमयी मृत्यु थी वो इसी सुखद परिवर्तन के लिए थी।''
– रचना की दृष्टि से यह वाक्य है : **1**

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) साधारण वाक्य

(d) मिश्र वाक्य

**(v)** ''मेरी माँ कहती थी कि सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ने पर पेड़ रोएँगे।''
– इसका सरल वाक्य बनेगा : **1**

(a) मेरी माँ के अनुसार सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ने पर पेड़ रोएँगे।

(b) मेरी माँ का ऐसा कहना था कि जब सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ोगे तब पेड़ रोएँगे।

(c) मेरी माँ का कहना था कि सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो क्योंकि पेड़ रोएँगे।

(d) सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ने पर पेड़ रोएँगे; माँ का कहना था।

**5.** 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

**(i)** 'भयाकुल' समस्त पद का सही समास-विग्रह और समास का नाम कौन-सा है? **1**

(a) भय से आकुल – तत्पुरुष समास

(b) भय से कुल – कर्मधारय समास

(c) भय में कुल – कर्मधारय समास

(d) भय में आकुल – तत्पुरुष समास

**(ii)** 'आमरण' समस्त पद कौन-से समास का उदाहरण है ? **1**

(a) कर्मधारय

(b) तत्पुरुष

(c) अव्ययीभाव

(d) बहुव्रीहि

**(iii)** 'नरहरि' समस्त पद का विग्रह होगा : **1**

(a) नर के समान हरि

(b) नर रूपी हरि

(c) हरि रूपी नर

(d) नर और हरि

**(iv)** 'लंबा है उदर जिसका' विग्रह का समस्त पद है : **1**

(a) लंबादर

(b) लंबाउदर

(c) लंबादार

(d) लंबोदर

**(v)** 'आत्मकथा' समस्त पद का विग्रह है : **1**

(a) आत्मा की कथा

(b) आत्म की कथा

(c) आत्मा के लिए कथा

(d) आत्मा से कथा

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित छः बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। **4×1=4**

**(i)** 'प्राण निकलना' मुहावरे का सही अर्थ है : **1**

(a) मर जाना

(b) परलोक सिधार जाना

(c) भयभीत हो जाना

(d) जड़ हो जाना

**(ii)** 'हिम्मत टूटना' मुहावरे का सही अर्थ है : **1**

(a) साहस समाप्त होना

(b) धैर्य समाप्त होना

(c) धन समाप्त होना

(d) आशा समाप्त होना

**(iii)** ''नीरज चोपड़ा द्वारा ओलिम्पिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर देश की ..............।'' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए : **1**

(a) आँखें नम हो जाना

(b) छाती फैल जाना

(c) खुशी का ठिकाना न रहना

(d) लॉटरी लग जाना

**(iv)** ''आई.ए.एस. की परीक्षा पास करने के लिए .................. पड़ती है, तब कहीं जाकर सफलता मिलती है।'' – रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए : **1**

(a) आँखें फोड़ना

(b) दिन-रात एक करना

(c) खून जलाना

(d) लोहे के चने चबाना

**(v)** रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए :
''शिकारी की एक ही गोली ने आदमखोर शेर का .................... दिया।'' **1**

(a) खाक में मिलाना

(b) धूल चटाना

(c) धूल में मिलाना

(d) काम तमाम करना

**(vi)** 'असंभव काम कर दिखाना' – इस अर्थ के लिए सही मुहावरा है : **1**

(a) छोटा मुँह बड़ी बात

(b) आसमान के तारे तोड़ना

(c) पहाड़ चढ़ना

(d) हथेली पर सरसों उगाना

**7.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

सुखिया सब संसार है, खायै अरु सोवै।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरु रोवै।।
बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होइ।।

**(i)** कबीरदास जी क्यों दुःखी हैं ? **1**

(a) ईश्वर से बिछुड़ने के कारण।

(b) ईश्वर को प्राप्त न कर सकने के कारण।

(c) विषय-वासनाओं में लिप्त मनुष्यों को देखकर।

(d) ईश्वर भजन में लिप्त मनुष्यों को देखकर।

**(ii)** 'सोना' और 'जागना' क्रमशः किसके प्रतीकार्थ हैं ? **1**

(a) निद्रा और अनिद्रा के

(b) अंधकार और प्रकाश के

(c) अज्ञान और ज्ञान के

(d) दुःख और सुख के

**(iii)** किस व्यक्ति पर 'मंत्र' का कोई प्रभाव नहीं दिखाई देता ? **1**

(a) जिसका मन सांसारिक विषय-वासनाओं में लिप्त हो।

(b) जिसका मन अहंकार की भावना से भरा हो।

(c) जिसके मन में विरह रूपी सर्प ने घर बसा लिया हो।

(d) जिसके मन में मिलन रूपी सर्प ने घर बसा लिया हो।

**(iv)** कबीरदास जी के अनुसार 'बौरा' कौन है ? **1**

(a) जिसे प्रभु का साक्षात्कार हो गया है।

(b) जो प्रभु से विलग रहना चाहता है।

(c) जो प्रभु की दिन-रात सेवा कर रहा है।

(d) जो प्रभु के वियोग में जीवन व्यतीत कर रहा है।

**(v)** 'मंत्र न लगना' का अर्थ है : **1**

(a) पीड़ित व्यक्ति का स्वस्थ न होना

(b) विष का प्रभाव कम न होना

(c) मंत्र सिद्ध न होना

(d) कोई उपाय काम न आना

**8.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए। **2×1=2**

**(i)** 'आत्मत्राण' कविता में कवि किससे छुटकारा प्राप्त करना चाहता है ? **1**

(a) आत्मिक भय से

(b) सुख और दुःख से

(c) हानि और लाभ से

(d) जीवन और मरण से

**(ii)** 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर बताइए कि पर्वतों की ऊँचाई से गिरने वाले झरने किसके यश का गुणगान कर रहे हैं ? **1**

(a) अंबर के

(b) इंद्र के

(c) गिरि के

(d) पावस के

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

राज कपूर ने एक अच्छे और सच्चे मित्र की हैसियत से शैलेंद्र को फ़िल्म की असफलता के खतरों से आगाह भी किया। पर वह तो एक आदर्शवादी भावुक कवि था, जिसे अपार संपत्ति और यश तक की इतनी कामना नहीं थी, जितनी आत्म-संतुष्टि के सुख की अभिलाषा थी। 'तीसरी कसम' कितनी ही महान् फ़िल्म क्यों न रही हो, लेकिन यह एक दुःखद सत्य है कि इसे प्रदर्शित करने के लिए बमुश्किल वितरक मिले। बावजूद इसके कि 'तीसरी कसम' में राज कपूर और वहीदा रहमान जैसे नामजद सितारे थे, शंकर-जयकिशन का संगीत था, जिनकी लोकप्रियता उन दिनों सातवें आसमान पर थी और इसके गीत भी फ़िल्म के प्रदर्शन के पूर्व ही बेहद लोकप्रिय हो चुके थे, लेकिन इस फ़िल्म को खरीदने वाला कोई नहीं था। दरअसल इस फ़िल्म की संवेदना किसी दो से चार बनाने का गणित जानने

वाले की समझ से परे थी। उसमें रची-बसी करुणा तराज़ू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी।

**(i)** राज कपूर ने शैलेंद्र को किस बात से आगाह किया था ? **1**

(a) फ़िल्म का किसी को समझ न आने वाली बात से।

(b) फ़िल्म से कोई आर्थिक लाभ न मिलने वाली बात से।

(c) फ़िल्म निर्माण में होने वाली परेशानियों से ।

(d) फ़िल्म की संभावित असफलता के खतरों से ।

**(ii)** शैलेंद्र को किस प्रकार का व्यक्ति माना जा सकता है ? **1**

(a) कुशल फ़िल्म निर्माता

(b) प्रसिद्ध गीतकार

(c) आदर्शवादी भावुक कवि

(d) आत्म-संतुष्ट व्यक्ति

**(iii)** 'तीसरी कसम' फ़िल्म का दुःखद सत्य क्या था ? **1**

(a) फ़िल्म के लिए खरीददार का न मिलना।

(b) लोगों का फ़िल्म को न समझ पाना।

(c) फ़िल्म का रूपहले पर्दे पर न पहुँच पाना।

(d) फ़िल्म को प्रसिद्धि न मिल पाना।

**(iv)** गद्यांश में आई पंक्ति – 'दो से चार बनाने का गणित' – का अर्थ है : **1**

(a) अधिक से अधिक धन कमाना।

(b) संख्याओं को जोड़ने का हिसाब।

(c) अधिक से अधिक मुनाफ़ा कमाना।

(d) संख्याओं को गुणा करने का हिसाब।

**(v)** ''उसमें रची-बसी करुणा तराज़ू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी।'' – पंक्ति का आशय है : **1**

(a) यह करुणा अनुभूति का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

(b) यह करुणा बुद्धि का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

(c) यह करुणा हृदय का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

(d) यह करुणा भावना का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

10. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **2×1=2**

(i) 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर बताइए कि पशु-पर्व में तताँरा द्वारा तलवार खींचने का प्रमुख कारण क्या रहा होगा ? **1**

(a) गाँव वालों का विरोध

(b) वामीरो का रुदन

(c) वामीरो की माँ का विरोध

(d) क्रोध निवारण

(ii) 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के लेखक की माँ उन्हें क्या करने के लिए प्रेरित करती थी ? **1**

(a) दीया-बाती के समय पेड़ों के पत्ते नहीं तोड़ने के लिए।

(b) दरिया को सलाम करने के लिए।

(c) कबूतरों को नहीं सताने के लिए।

(d) प्रकृति और जीव-जंतुओं से प्रेम करने के लिए।

## खण्ड 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2×3=6**

(i) 'बड़े भाई साहब' कहानी का बड़ा भाई शिक्षा को 'रटंत ज्ञान' और 'बे-सिर-पैर की बातें' मानता है जिनका व्यावहारिक जीवन में कोई अर्थ नहीं ? इस संदर्भ में आपके क्या विचार हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। **3**

(ii) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए कि अंग्रेज सरकार ने कलकत्तावासियों द्वारा मोनूमेंट पार्क में आयोजित सभा को रोकने के लिए क्या-क्या प्रयास किए? **3**

(iii) 'कारतूस' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि सआदत अली वजीर अली का सगा चाचा होते हुए भी उससे नफरत क्यों करता था ? **3**

12. पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए: **2×3=6**

(i) 'तोप' कविता के आधार पर 'तोप' और 'गौरैया' की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए बताइए कि इस कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ? **3**

(ii) ''घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी'' – 'मनुष्यता' कविता से ली गई इस पंक्ति के माध्यम से कवि ने जीवन रूपी मार्ग पर आगे बढ़ते समय क्या याद रखने को कहा है और क्यों ? **3**

(iii) 'कर चले हम फिदा' गीत में कवि देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ रखता है ? हम उसकी अपेक्षाओं पर किस रूप में खरा उतर रहे हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए। **3**

**13.** पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2×3=6**

(i) हरिहर काका और टोपी शुक्ला दोनों ही भरे-पूरे परिवार से संबंधित होते हुए भी अकेले थे। दोनों के अकेलेपन के कारणों की समीक्षा कीजिए। **3**

(ii) 'सपनों के से दिन' पाठ में बच्चों को स्कूल जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं था, क्यों? कारण सहित उत्तर स्पष्ट करते हुए बताइए कि स्कूल जाने के संबंध में आपका क्या अनुभव है? **3**

(iii) इफ्फ़न के पिता के तबादले के बाद टोपी शुक्ला का कोई और मित्र क्यों नहीं बन सका? इसका उसके बालमन पर क्या प्रभाव पड़ा ? **3**

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1×5=5**

**(क)** नाटक मंचन के दौरान जब मैं अपने संवाद भूल गया/गई **5**

- मेरी मनःस्थिति
- दर्शकों का उत्साहवर्धन
- सफलतापूर्वक नाटक की समाप्ति

**(ख)** वर्षा की पहली फुहार **5**

- तन-मन की प्रसन्नता
- प्रकृति द्वारा वर्षा का स्वागत
- आस-पास का दृश्य

**(ग)** समाचार-पत्रों का कोई विकल्प नहीं **5**

- जानकारी का सस्ता और सुलभ साधन
- समाचार-पत्रों के प्रकार
- समाचार-पत्रों के लाभ

**15.** **(क)** आपका नाम मुदित/मुदिता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक दृष्टि से कमजोर, प्रतिभाशाली छात्रों के लिए निःशुल्क शिक्षण की जो व्यवस्था की गई है, उसकी सराहना करते हुए किसी दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' पर आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों के अभ्यास हेतु सांस्कृतिक कला सचिव की ओर से स्कूल के प्रधानाचार्य को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए जिसमें प्रार्थना सभा के दौरान अभ्यास की अनुमति माँगी गई हो। **5**

**16.** **(क)** आपकी सोसायटी में आगामी माह के अंतिम सप्ताह में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी सचिव की ओर से इस जानकारी को लोगों तक पहुँचाने के लिए लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

**(ख)** आप दसवीं कक्षा के अर्पित/अर्पिता हैं। भोजनावकाश के दौरान खेल के मैदान में आपका ब्लेज़र (कोट) कहीं छूट गया। उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। **4**

**17.** **(क)** आपकी माता जी तरह-तरह के स्वादिष्ट अचार बनाती हैं। इन अचारों की बिक्री के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग **60** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**

**अथवा**

**(ख)** विद्यालय में आयोजित होने वाले वसंत मेले के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग **60** शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**

**18.** **(क)** 'रमेश बाबू ने बड़े ही मन से पुत्र के लिए मोबाइल खरीदा।' पंक्ति को आधार बनाकर लगभग **100** शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की चेतावनी जारी किए जाने के कारण जिला प्रशासन ने दो दिन के लिए शिक्षण-संस्थानों को बंद रखने का निर्देश दिया है। स्कूल प्रधानाचार्य की ओर से लगभग **100** शब्दों में, अभिभावकों तक इस जानकारी को पहुँचाने के लिए विद्यालय की वेबसाइट पर डालने हेतु एक ई-मेल तैयार कीजिए। **5**

# अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

# सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023

# अंक-योजना

# हिंदी 'ब' विषय कोड—085

# प्रश्न-पत्र कोड-- 4/4/1, 4/4/2, 4/4/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया

है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

# अंक योजना

## हिंदी 'ब'

| प्रश्न सं. | 4/4/1 | 4/4/2 | 4/4/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड अ**<br>**वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **'अपठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (d) मिट्टी की उर्वरता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए<br>(ii) (c) मिट्टी के निरंतर उपयोग से।<br>(iii) (c) गलने-सड़ने से पूर्व सहायक फसल को खेतों में दबाने को ।<br>(iv) (d) (II), (III) और (IV)<br>(v) (d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | **5 x 1 = 5** |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **'अपठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (a) लक्ष्य सोच-विचार कर शीघ्र निर्धारित करना चाहिए।<br>(ii) (b) बच्चे रुचि के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ सकें।<br>(iii) (b) सही उम्र में लक्ष्य-निर्धारण की महत्ता समझाने के लिए।<br>(iv) (d) कोशिश करना<br>(v) (c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | **5 x 1 = 5** |
| **3** | **3** | **-** | **-** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (d) क्रियाविशेषण पदबंध<br>(ii) (b) याचना भरा चेहरा<br>(iii) (b) क्रिया पदबंध<br>(iv) (a) लकड़ी की बड़ी<br>(v) (b) सर्वनाम पदबंध | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | 3 | - | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (d) क्रियाविशेषण पदबंध<br>(ii) (c) अद्भुत साहसी युवक<br>(iii) (c) क्रिया पदबंध<br>(iv) (c) ठंडी और भीगी<br>(v) (b) सर्वनाम पदबंध | **4 x 1 = 4** |
| | - | - | 3 | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) क्रिया पदबंध<br>(ii) (c) ठंडा और उबाऊ दिन<br>(iii) (d) एक घायल, गंदा<br>(iv) (d) क्रिया विशेषण पदबंध<br>(v) (c) अनुशासन भंग करने वालों में से कुछ | **4 x 1 = 4** |
| **4** | **4** | - | - | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) सरल वाक्य<br>(ii) (b) उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले।<br>(iii) (c) सफल खिलाड़ी वह है जिसका कोई निशाना खाली नहीं जाता।<br>(iv) (d) मिश्र वाक्य<br>(v) (a) मेरी माँ के अनुसार सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते तोड़ने पर पेड़ रोएँगे। | **4 x 1 = 4** |
| | - | 4 | - | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) सरल वाक्य<br>(ii) (b) मैं लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता।<br>(iii) (b) अपने ऊपर जो विश्वास पैदा हुआ था वह फिर लुप्त हो गया।<br>(iv) (d) मिश्र वाक्य<br>(v) (a) ग्वालियर में हमारा मकान था और उसके दालान में दो रोशनदान थे। | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | 4 | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) सरल वाक्य<br>(ii) (b) कई बार मुझे डाँटने का अवसर मिला परंतु उन्होंने धीरज से काम लिया।<br>(iii) (d) सहसा भाई साहब से मेरी मुठभेड़ हो गई, जो शायद बाज़ार से लौट रहे थे।<br>(iv) (d) मिश्र वाक्य<br>(v) (a) जा नहीं सकने वालों ने यहाँ – वहाँ डेरा डाल लिया है। | **4 x 1 = 4** |
| **5** | **5** | - | - | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) भय से आकुल - तत्पुरुष समास<br>(ii) (c) अव्ययीभाव<br>(iii) (b) नर रूपी हरि<br>(iv) (d) लंबोदर<br>(v) (b) आत्म की कथा | **4 x 1 = 4** |
| **5** | - | **5** | - | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) राज्य की व्यवस्था - तत्पुरुष<br>(ii) (b) अव्ययीभाव<br>(iii) (a) गिरि को धारण किया है जिसने - बहुव्रीहि<br>(iv) (b) चौमासा<br>(v) (c) नियम के अनुसार | **4 x 1 = 4** |
| **5** | - | - | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) युद्ध में स्थिर - तत्पुरुष<br>(ii) (d) अव्ययीभाव<br>(iii) (b) पीला है अंबर जिसका - बहुव्रीहि<br>(iv) (b) कर्मधारय<br>(v) (b) पुस्तकों के लिए आलय | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **6** | **6** | **-** | **-** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) भयभीत हो जाना<br>(ii) (a) साहस समाप्त होना<br>(iii) (c) खुशी का ठिकाना न रहा<br>(iv) (a) आँखें फोड़ना<br>(v) (d) काम तमाम करना<br>(vi) (b) आसमान के तारे तोड़ना / (d) हथेली पर सरसों उगाना | **4 x 1 = 4** |
| | **-** | **6** | **-** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) सम्मान की रक्षा करना<br>(ii) (a) घाव पर नमक छिड़कना<br>(iii) (d) अज्ञान समाप्त होना<br>(iv) (a) छोटा मुँह बड़ी बात<br>(v) (b) आँख भर आना<br>(vi) (d) हाथ-पाँव फूलना | **4 x 1 = 4** |
| | **-** | **-** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) उपाय समझ न आना<br>(ii) (b) अच्छी तरह समझ लेना<br>(iii) (c) तलवे चाटना – खुशामद करना<br>(iv) (d) पापड़ बेलना<br>(v) (a) बाट जोहना<br>(vi) (d) अंधे के हाथ बटेर लगना | **4 x 1 = 4** |
| **7** | **7** | **9** | **7** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (c) विषय-वासनाओं में लिप्त मनुष्यों को देखकर।<br>(ii) (c) अज्ञान और ज्ञान के<br>(iii) (c) जिसके मन में विरह रूपी सर्प ने घर बसा लिया हो।<br>(iv) (d) जो प्रभु के वियोग में जीवन व्यतीत कर रहा है।<br>(v) (d) कोई उपाय काम न आना | **5 x 1 = 5** |
| **8** | **8** | **10** | **8** | **'पाठ्यपुस्तक के पद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (a) आत्मिक भय से<br>(ii) (c) गिरि के | **2 x 1 = 2** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **9** | **9** | **7** | **9** | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (d) फ़िल्म की संभावित असफलता के खतरों से।<br>(ii) (c) आदर्शवादी भावुक कवि<br>(iii) (a) फ़िल्म के लिए खरीददार का न मिलना।<br>(iv) (c) अधिक से अधिक मुनाफ़ा कमाना।<br>(v) (a) यह करुणा अनुभूति का विषय थी, नाप-तोल का नहीं। | **5 x 1 = 5** |
| **10** | **10** | **8** | **10** | **'पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (d) क्रोध निवारण<br>(ii) (d) प्रकृति और जीव-जंतुओं से प्रेम करने के लिए। | **2 x 1 = 2** |
| | | | | **खंड ब**<br>**वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| **11** | **11** | **12** | **13** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br><br>(ख)<br>● शहर में पुलिस की गश्त बढ़ा दी<br>● मोनूमेंट पार्क सहित शहर के सभी पार्कों और मैदानों को बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा घेर लिया गया।<br>● शहर में कोई भी सभा आयोजित न करने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया।<br>(ग)<br>● अवध के उत्तराधिकारी के रूप में वज़ीर अली का जन्म<br>● नवाब बनने का सपना टूटना<br>● वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत ख़याल करना | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**3**<br><br>**3** |
| **12** | **12** | **11** | **12** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**प्रतीक -**<br>● तोप – अत्याचारी सत्ता का | **2 x 3 = 6**<br><br>**1+2= 3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • गौरैया – आम जनता का<br>**संदेश** –<br>• अत्याचारी सत्ता का अंत निश्चित<br>• अतीत की गलतियों से सीख<br>• धरोहर/विरासत का संरक्षण<br><br>(ख)<br>**क्या -**<br>• आपसी मेलजोल कम न हो<br>• परस्पर भाईचारे की भावना उत्पन्न हो<br>• रास्ते अलग होने पर भी सभी मिलजुल कर रहें<br>• वैचारिक भिन्नता होते हुए भी मन-मुटाव न हो<br>**क्यों -**<br>• एक होकर चलने से हमारे काम स्वयं सिद्ध हो जाते हैं<br>• हम मार्ग की बाधाओं को आसानी से ढकेल सकते हैं<br>• संगठन में ही शक्ति है<br>(ग)<br>**अपेक्षाएँ -**<br>• तन-मन-धन से देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना<br>• शत्रु चाहे बाहरी हो या भीतरी, देश की रक्षा करने से पीछे नहीं हटना<br>**किस रूप में खरा उतरना -**<br>• मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>• विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन | **2+1= 3**<br><br>**2+1= 3** |
| **13** | **13** | **13** | **11** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>• घर में उनकी भावनाओं को समझने वाला कोई नहीं था<br>• उनके लिए किसी के पास समय नहीं था, सब अपने में ही व्यस्त थे<br>• परिवारवालों का उपेक्षापूर्ण व्यवहार | **2 x 3 = 6**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (ख)<br>**कारण -**<br>● मास्टरों द्वारा पिटाई का भय<br>● नई कक्षा के पाठ्यक्रम की कठिनता<br>● उनकी स्वच्छंद प्रवृत्ति पर रोक<br>● माता-पिता द्वारा शिक्षा की अहमियत न समझना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>**अपना अनुभव -**<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br><br>(ग)<br>**क्यों -**<br>● किसी के भी द्वारा उसकी भावनाओं को न समझ पाना<br>● नए कलेक्टर साहब के बच्चों द्वारा टोपी को दुत्कारा जाना<br>● कक्षा में लगातार दो साल फेल हो जाने पर साथी मित्र और मास्टरों द्वारा अपमानित होना<br>**बालमन पर प्रभाव -**<br>● मित्रों के अभाव में टोपी का भावनात्मक रूप से टूटना<br>● अपने मन की बात किसी से न कह पाना<br>● अकेलेपन का शिकार होना | **2+1 = 3**<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>**2+1 =3** |
| **14** | **14** | **18** | **14** | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **15** | **15** | **14** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन:<br>● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **16** | **16** | **15** | **16** | किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लेखन:<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **17** | **17** | **17** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन :<br>• विषय-वस्तु – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **18** | **18** | **16** | **18** | लगभग100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>• विषय-वस्तु – 3<br>• भाषा – 1<br>• प्रभाव – 1<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन -<br>• औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |